# 442 कस्तूरबा विद्यालयों में होगी 3,094 शिक्षकों की भर्ती

आशीष त्रिवेदी • लखनऊ

ये कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय इंटरमीडिएट तक उच्चीकृत, प्रत्येक में होगी सात-सात शिक्षकों की भर्ती

प्रदेश में 442 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) को इंटरमीडिएट तक उच्चीकृत किया गया है। अप्रैल 2024 से शुरू हो रहे नए शैक्षिक सत्र से यहां पर कक्षा नौ विज्ञान वर्ग में भी दाखिले शुरू होंगे। शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लाक के गरीब परिवारों की लड़कियों को विज्ञान की पढ़ाई कराने को प्राथमिकता दी गई है। आगे कामर्स व कला वर्ग का भी सेक्शन खोला जाएगा। ऐसे में अब प्रत्येक विद्यालय में अस्थाई पदों पर सात-सात शिक्षकों यानी कुल 3,094 शिक्षकों की भर्ती होगी।

स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। अभी पूर्णकालिक यानी जो विद्यालय में रहकर छात्राओं को पढ़ा रहे हैं, उन्हें 22,500 रुपये प्रति महीने और पार्ट टाइम टीचरों को 8,998 रुपये प्रति महीने मानदेय दिया जा रहा है। फिलहाल पार्ट टाइम शिक्षकों के मानदेय में बढ़ोतरी का भी प्रस्ताव भेजा गया है। फरवरी 2024 तक सभी स्कूलों में जरूरी निर्माण कार्य पूरा करा लिया जाएगा। फर्नीचर व अन्य जरूरी सामान खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यही नहीं जरूरत के अनुसार कर्मियों की भी भर्ती होगी। प्रत्येक में दस-दस यानी कुल 4,420 कर्मियों को भी संविदा पर रखा जाएगा। अभी कक्षा आठवीं तक की पढ़ाई इन स्कूलों में हो रही है। प्रत्येक में एक-एक वार्डेन, नौ शिक्षक, तीन रसोइया, एक चौकीदार, एक चपरासी, एक लेखाकार हैं। कक्षा छह से लेकर कक्षा आठ तक सौ-सौ और कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक सौ-सौ सीटों पर बालिकाओं का प्रवेश लिया जाएगा। शिक्षा व हास्टल सहित सभी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

746 केजीबीवी के लिए प्रदर्शन सूचक जारी » 2